# NARI 2025 में जयपुर की महिला सुरक्षा रैंकिंग

## चर्चा में क्यों?

राष्ट्रीय वार्षिक रिपोर्ट एवं महिला सुरक्षा सूचकांक (NARI) 2025 में **जयपुर** को **सबसे कम प्रदर्शन करने वाले शहरों** में स्थान दिया गया है।

## मुख्य बिंदु

- **NARI सूचकांक के बारे में:**
  - **पीवैल्यू एनालिटिक्स** द्वारा तैयार की गई इस रिपोर्ट में भारत के **31 प्रमुख शहरों** में महिलाओं की **समग्र सुरक्षा भावना**, **उत्पीड़न के अनुभव** तथा **दिन और रात के बीच सुरक्षा के अंतर** पर सर्वेक्षण किया गया।
    - यह रिपोर्ट राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) की अध्यक्ष **विजया रहाटकर** द्वारा **दिल्ली** में जारी की गई।
- **जयपुर का प्रदर्शन:**
  - जयपुर को **59.1% अंक** प्राप्त हुए, जो कि राष्ट्रीय औसत **64.6%** से कम है।
  - 31 शहरों में जयपुर **25वें स्थान** पर रहा, जिससे यह **पटना, फरीदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, श्रीनगर और राँची** जैसे शहरों के साथ सबसे निचले समूह में शामिल हो गया।
  - जयपुर की 8% महिलाओं ने बताया कि उन्होंने पिछले वर्ष उत्पीड़न का सामना किया, जो सर्वेक्षण में शामिल सभी शहरों के औसत 7% से अधिक है।
  - **31%** उत्तरदाताओं ने **दिन के समय शहर को अत्यधिक सुरक्षित माना** जबकि मात्र 10% ने रात के समय को अत्यधिक सुरक्षित माना।
  - 17% ने जयपुर के बुनियादी ढाँचे को "अत्यधिक सुरक्षित" बताया, जबकि **11%** ने इसे "सुरक्षित" माना।
  - **24% उत्तरदाताओं ने प्रशासन को "अत्यधिक सुरक्षित"** माना, जबकि 12% ने प्रशासन को अत्यधिक असुरक्षित माना।
- **शीर्ष प्रदर्शनकर्त्ता:**
  - **कोहिमा, विशाखापत्तनम और भुवनेश्वर** ने महिला सुरक्षा के मामले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया तथा इनका प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से कहीं बेहतर रहा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jaipurs-womens-safety-ranking-in-nari-2025